an>

Title: Need to give environmental clearance to road and reservoir projects in Damoh Parliamentary Constituency in Madhya Pradesh.

श्री प्रह्लाद सिंह पटेल (दमोह) ः मेरे दमोह लोक सभा क्षेत्रान्तर्गत निम्न तीन योजनायें वन एवं पर्यावरण मंत्रालय, भारत सरकार से अनुमति न मिलने के कारण विगत लम्बे समय से लंबित है, जिससे विषम परिस्थिति उत्पन्न हो रही है। इसमें दमोह जिला अन्तर्गत ग्राम बालाकोट से ग्राम मनका तक लगभग 3 किलोमीटर के मार्ग में फारेस्ट क्लीयरेंस न होने के कारण सड़क निर्माण नहीं हो पा रहा है जिससे क्षेत्रीय लोगों को लगभग 50 किलोमीटर अधिक की दूरी तय कर आवागमन करना पड़ रहा है तथा दमोह विधान सभा से जबेरा विधान सभा में जाने में अधिक दूरी व समय लगता है। दूसरा निरन्दपुर जलाशय परियोजना, जिला सागर के पूकरण में भारत सरकार की औपचारिक स्वीकृति दिनांक 11.07.1992 को पुनर्जीवित करने हेतु प्रस्ताव मध्य प्रदेश शासन द्वारा भारत सरकार के पास दिनांक 11.01.2016 को प्रेषित किया गया है, जिस पर स्वीकृति अभी अपेक्षित है, जिससे यह परियोजना विगत लम्बे समय से लंबित है तथा सागर जिला अंतर्गत ही झमारा से रमपुरा-हाड़ीकाट-आमापानी-सरसला निर्माणाधान मार्ग में नौरादेही वन अभ्यारण्य का क्षेत्र आने से कार्य रूका हुआ है। इस मार्ग के बनने से जबलपुर-भोपाल राष्ट्रीय मार्ग जुड़ जायेगा।

अतः मेरा माननीय मंत्री जी से अनुरोध है कि उपरोक्तानुसार वांछित वन मंत्रालय, भारत सरकार की स्वीकृति शीघ्र प्रदान की जाये।